IBPS PO COMBO PACK 70 MOCK TESTS ₹547/- testbook

# Important Current Affairs 2nd October 2017 in Hindi with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 2nd October 2017. Now stay updates about important news and current affairs for SSC, IBPS and more bank & online government exams, in Hindi too! You can also download the Important Current Affairs 2nd October 2017 in Hindi as PDF and save for revision!

## Important Current Affairs 2nd October 2017 in Hindi

- **सरकार 10% हिस्सेदारी कम करेगी**
    - सरकार ने IPO के माध्यम से सैन्य विमान निर्माता हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स में 10% हिस्सेदारी की बिक्री को मंज़ूरी दे दी है।
    - अब तक, HAL देश के लड़ाकू विमानों में सुखोइ-30-MkI और हॉक उन्नत जेट प्रशिक्षकों के लाइसेंस प्राप्त उत्पादन के तहत एकमात्र निर्माता था|
    - यह घोषणा उस समय की गई है जब वह भारतीय सशस्त्र बलों से लड़ाकू जेट विमानों के अनुबंध के लिए निजी निर्माताओं के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है।
- **आनंद संयुक्त-दूसरे स्थान पर**
    - 5 बार के विश्व चैंपियन, विश्वनाथन आनंद चीनी ग्रैंडमास्टर होउ यीफान को 9वे और अंतिम दौर में हराकर आईल ऑफ मेन शतरंज चैंपियनशिप में संयुक्त द्वितीय स्थान पर रहे।
    - वे अमेरिका के हिकरू नाकामुरा के साथ दूसरे स्थान पर रहे।
    - आनंद ने 53 चालें चलकर यीफान को 7 पॉइंट्स से हराया|



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

IBPS CLERK COMBO PACK
70 MOCK TESTS ₹547/-
testbook

- विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन ने नाकामुरा के खिलाफ एक शार्ट ड्रॉ के बाद 7.5 अंक के साथ खिताब जीता।

- **IOC को US से कच्चा तेल खरीदने की मंज़ूरी**
  - इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने सरकार से इस साल हर महीने US से कच्चे तेल का एक जहाज खरीदने की मंज़ूरी प्राप्त की है।
  - IOC ने पिछले महीने अमेरिका से 1.6 मिलियन बैरल कच्चे तेल का आयात करने के लिए एक सौदा किया था, जो भारतीय स्टेट रिफाइनर द्वारा अमेरिकी क्रूड की पहली ऐसी खरीद थी।
  - ब्रेंट और दुबई के बीच का अंतर कम होने के बाद अमेरिकी क्रूड खरीदना भारतीय रिफाइनरों के लिए आकर्षक हो गया है।

- **SBI की समापन शुल्क पर छूट**
  - SBI ने सभी बचत बैंक खाता ग्राहकों के लिए खाता समापन शुल्क से छूट दी है| यह छूट इस शर्त के तहत दी गई है कि उनका खाता एक वर्ष से अधिक समय तक अस्तित्व में है।
  - इससे पहले, बैंक खाते के समापन पर 500 रूपए के साथ देय GST देना होता था|
  - मूल बचत बैंक जमा खाताधारक द्वारा नियमित बचत बैंक खाते के बंद होने पर भी कोई समापन शुल्क नहीं लगेगा।

- **मेडिसिन के लिए 2017 नोबेल पुरस्कार**
  - जेफरी C. हॉल, माइकल रोजबाश और माइकल W. यंग को फिजियोलॉजी या मेडिसिन में 2017 नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

IBPS PO COMBO PACK 70 MOCK TESTS ₹547/- testbook

- तीनों को सर्कैडियन लय को नियंत्रित करने वाले आणविक तंत्र की उनकी खोजों के लिए पुरस्कार दिया गया है।
- उनकी खोजों से पता चलता है कि पौधों, जानवरों और मनुष्यों ने अपनी जैविक ताल को अनुकूलित किया है ताकि यह पृथ्वी के चक्करों के साथ सिंक्रनाइज़ हो सके।

- **नि:शुल्क नेत्र जांच अभियान**
  - केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी देश भर में नि:शुल्क नेत्र जांच अभियान चलाएंगे और महाराष्ट्र में ट्रक ड्राइवरों, क्लीनर और सहायकों के लिए चश्मों का वितरण करेंगे।
  - इस पहल का उद्देश्य ट्रक ड्राइवरों के लिए स्पष्ट दृष्टि और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना है जो राष्ट्रीय राजमार्गों का सबसे अधिक उपयोग करते हैं।
  - इस पहल से ट्रकों से जुड़ी दुर्घटनाओं की संख्या के कम होने की उम्मीद है।
- **पहले US क्रूड ऑयल शिपमेंट का आगमन**
  - US से IOC द्वारा खरीदे गए 1.6 मिलियन बैरल का पहला US कच्चा तेल कार्गो पारादीप पोर्ट पहुंचा|
  - दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक भारत, US से कच्चा तेल खरीदने वाले दक्षिण कोरिया, जापान और चीन जैसे एशियाई देशों में शामिल हुआ| ऐसा OPEC द्वारा मध्य पूर्व में भारी कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती के बाद हुई कीमतों में वृद्धि के कारण हुआ|
  - इंडियन ऑयल US से कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाला भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र का पहला रिफाइनर है।
- **नगरीय महाराष्ट्र खुले में शौच से मुक्त**


CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

IBPS CLERK COMBO PACK 70 MOCK TESTS ₹547/- testbook

- राष्ट्रपति कोविंद ने महाराष्ट्र की अपनी पहली यात्रा पर राज्य के शहरी क्षेत्रों को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया।
- लगभग आधे से ज्यादा महाराष्ट्र खुले में शौच से मुक्त हो गया है, क्योंकि इसकी 49% आबादी शहरी इलाकों में है।
- महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में सभी 384 शहरी क्षेत्रों में शौचालय सुनिश्चित किए हैं।
- राज्य अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण महाराष्ट्र मार्च 2018 तक खुले में शौच से मुक्त होगा।

- **WC में महिला सहायक रेफ**
  - U-17 विश्व कप, इस बार फीफा पुरुषों की प्रतियोगिता में पहली बार एक महिला सहायक रेफरी को रख कर एक रिकार्ड स्थापित करेगा|
  - फीफा द्वारा विश्व के प्रत्येक महाद्वीप से 7 महिला सहायक रेफरी चुनी गयी हैं, जो 70 पुरुष रेफरी के साथ फीफा अंडर-17 विश्व कप के मैचों का नेतृत्व करेंगी।
  - U-17 विश्व कप 6-28 अक्टूबर से छह भारतीय शहरों में खेला जाएगा।
- **RCom-एयरसेल विलय रद्द**
  - रिलायंस कम्युनिकेशंस ने एयरसेल के साथ अपने वायरलेस सेवा कारोबार के विलय को रद्द कर दिया है, जिसमें कुछ लेनदारों के विनियामक विलंब और विरोध का हवाला दिया गया है।
  - RCom एयरसेल के साथ अपने वायरलेस कारोबार को मर्ज करके और ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट को मोबाइल मास्टर्स में अपनी हिस्सेदारी बेचकर 250 बिलियन डॉलर के अपने कर्ज को कम करने की कोशिश कर रहा है।
  - विलय को SEBI, CCI और स्टॉक एक्सचेंजों द्वारा पहले ही मंजूरी दे दी गई थी।



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

IBPS PO
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- **तीन साल बाद बेंगाज़ी फिर से शुरू**
    - पूर्वी लीबिया शहर में प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच विवाद के कारण 3 साल तक बंद रहने के बाद बेंगाज़ी का वाणिज्यिक बंदरगाह आधिकारिक रूप से खोला गया।
    - बंदरगाह पर वाणिज्यिक संचालन 2014 में बंद हो गया था जब इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूह के सशस्त्र आंदोलन ने उत्तर अफ्रीकी देश के दूसरे शहर पर कब्जा कर लिया था।
    - बंदरगाह तेल निर्यात नहीं करता है, लेकिन गैस और कुछ पेट्रोलियम उत्पादों के साथ-साथ सामान्य कार्गो आयात करता है।
- **मीनाक्षी मंदिर ने तिरुपति को पीछे छोड़ा**
    - मदुरई में श्री मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत भारत में सबसे स्वच्छ प्रतिष्ठित स्थान घोषित किया गया है।
    - मंदिर ने स्वच्छ प्रतिष्ठित मिशन के तहत चुने गए 10 प्रतिष्ठित स्थानों में से शीर्ष स्थान अर्जित किया।
    - स्वच्छ प्रतिष्ठित स्थान के रूप में मान्यता के एक भाग के रूप में, मंदिर की परिधि को साफ करने के लिए एक परियोजना की घोषणा की गयी है, यह BPCL द्वारा CSR गतिविधि के तहत प्रायोजित है।
- **बाल विवाह और दहेज के खिलाफ अभियान**
    - महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बिहार सरकार बाल विवाह और दहेज के खिलाफ अभियान चलाएगी।
    - लोग 18 वर्ष से कम आयु की लड़की या 21 से कम लड़के की शादी या बाल विवाह नहीं करने की शपथ लेंगे।



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारी के तहत वे ऐसे विवाह को रोकने के प्रति भी वचन लेंगे जिससे इन दो सामाजिक बुराइयों से राज्य को मुक्त किया जा सके।

- **अल्पसंख्यक राजनेता प्रमुख पार्टी का नेतृत्व करेंगे**
  - सिख वकील जगमीत सिंह को कनाडा की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता के रूप में चुना गया, देश में एक प्रमुख राजनीतिक दल के प्रमुख होने वाले वे पहले गैर-सफेद राजनीतिज्ञ बन गए।
  - प्रधान मंत्री जस्टिन ट्राइड्यू के लिबरल के खिलाफ 2019 के चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करने के लिए उन्हें पहले वोट पर चुना गया।
  - उन्होंने 53.6% मत प्राप्त करके 3 अन्य उम्मीदवारों पर निर्णायक पहला वोट जीता।
- **अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस**
  - 2 अक्टूबर को अहिंसावादी सोच के अग्रणी महात्मा गांधी के जन्मदिन पर अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया गया।
  - यह शिक्षा और जन जागरूकता के माध्यम से अहिंसा का संदेश प्रसारित करने का एक अवसर है।
  - अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस UNHAG ने अहिंसा के संदेश को प्रसारित करने के प्रयास में 2007 में संकल्प पारित करके स्थापित किया था।
- **US का HSBC पर $175 मिलियन का जुर्माना**
  - US के केंद्रीय बैंक ने HSBC पर गोपनीय ग्राहक सूचना का दुरुपयोग, प्रतिस्पर्धी बैंकों में ट्रेडरों के साथ मिलकर काम करने और विदेशी मुद्रा ट्रेडरों की देखरेख में विफल रहने पर $175 मिलियन का जुर्माना लगाया|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS PO
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- 2008 से 2013 के बीच, बैंक विदेशी ट्रेडरों द्वारा दुर्व्यवहार का पता लगाने में विफल रहा, जिसमें विदेशी मुद्रा नकदी व्यापार के वैश्विक प्रमुख शामिल हैं|
- फेड ने HSBC को आंतरिक निरीक्षण उपायों में सुधार करने का निर्देश दिया|

- **वृद्ध लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस**
  - वृद्ध व्यक्तियों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस प्रत्येक वर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है।
  - इसका उद्देश्य, वृद्ध लोगों को समुदाय के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में जागरूकता बढ़ाना और उम्र के भेदभाव को हटाना है|
  - इस वर्ष की विषयवस्तु "भविष्य में कदम: समाज में वृद्ध व्यक्तियों की प्रतिभा, योगदान और सहभागिता" है।
  - इस वर्ष की विषयवस्तु में वृद्ध व्यक्तियों की प्रतिभा और योगदान को रेखांकित किया गया है।

testbook

- **वर्स्टैपन ने जीती मलेशियन ग्रांप्री**
  - रेड बुल के मैक्स वर्स्टैपन ने मलेशियाई ग्रांप्री जीती और लुईस हैमिल्टन चैंपियनशिप स्टैंडिंग में अपनी बढ़त का विस्तार करने के लिए दूसरे स्थान पर रहे।
  - पिछले वर्ष स्पेन में पहली जीत के बाद यह वर्स्टैपन के ग्रांप्री कैरियर की दूसरी जीत थी।
  - हैमिल्टन, जिन्होंने पोल की स्थिति पर शुरुआत की थी, मर्सिडीज़ के लिए दूसरे स्थान पर रहे। 5 रेस शेष रहते हुए हैमिल्टन के अब 281 अंक हैं और वेट्टेल के 247 अंक हैं।

- **भारतीय उद्यमी को व्यवसाय पुरस्कार**
  - घाना स्थित एक भारतीय उद्यमी ने अफ्रीका में नए IT समाधान लाने के अपने प्रयासों के लिए UK में एक प्रतिष्ठित व्यवसाय पुरस्कार जीता है।



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

IBPS CLERK COMBO PACK 70 MOCK TESTS ₹547/- testbook

- 'सुबह' के CEO बिरेंद्र ससमल ने लंदन में एशियाई अचीवर्स अवॉर्ड्स में इंटरनेशनल बिजनेस पर्सन ऑफ द ईयर जीता।
- ससमल के नेतृत्व के तहत, सुबह ग्रुप की आमदनी में 3000% की वृद्धि हुई और यह अफ्रीका की सबसे तेज़ी से बढ़ रही तकनीकी कंपनियों में से एक है।

- **UAE ने शुरू किया 'सिन टैक्स'**
  - संयुक्त अरब अमीरात ने तम्बाकू उत्पादों, ऊर्जा पेय और शीतल पेय पर 'सिन टैक्स' लेना शुरू किया|
  - तंबाकू और ऊर्जा पेय पर 100% और शीतल पेय पर 50% कर लगाया जाएगा।
  - UAE और अन्य खाड़ी देशों को कम वैश्विक ऊर्जा की कीमतों से जूझना पड़ रहा है।
  - खाड़ी सहयोग परिषद के सभी 6 सदस्यों ने वैट करों का संग्रह शुरू करने पर सहमति जताई है, हालांकि अन्य जनवरी के बाद से शुरू कर सकते हैं।

## Attempt Current Affair Quiz for 2nd October 2017



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play